web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 06 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 337

### आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## पीएम मोदी ने रूस में जापान और मलेशिया के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**व्लादिवोस्टक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मुलाकात कर कई अहम विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। ट्वीट के मुताबिक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए बातचीत हुई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रूस के व्लादिवोस्टक शहर में मुलाकात की। इससे पहले दोनों नेताओं के बीच जापान के ओसाका शहर में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन और फ्रांस के बियारित्ज में हाल ही में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी।

### » कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री माहाथिर मोहम्मद से भी मुलाकात की। मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने जाकिर नाइक का मुद्दा उठाया। दोनों देशों में तय हुआ है कि अब अधिकारी इस मसले पर लगातार संपर्क में रहेंगे। गौरतलब है कि जाकिर नाइक को भारत वापस लाने के लिए कई कोशिशें हो रही हैं।

मोदी पूर्वी आर्थिक फोरम (ईईएफ) की बैठक में हिस्सा लेने रूस गए हैं। मोदी ईईएफ को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पांचवें ईईएफ को संबोधित करने के लिए मोदी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है।

इससे पहले भारत और रूस ने अपनी रणनीतिक साझीदारी एवं परस्पर विश्वास को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ 15 करारों पर बुधवार को हस्ताक्षर किये और दोनों देशों के बीच ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को विस्तार देने की रूपरेखा तय की।

### मंगोलिया के राष्ट्रपति से की मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति खल्टमागीन बाटुल्गा से बृहस्पतिवार को यहां मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं लोगों के आपसी संबंधों को मजबूत करने समेत द्विपक्षीय हितों के विभिन्न मामलों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में यहां आयोजित पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) की पांचवीं बैठक के इतर मंगोलिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया,''आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक मित्र के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति खल्टमागीन बाटुल्गा से ईईएफ 2019 के इतर मुलाकात की। विकास, साझेदारी और द्विपक्षीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों पर चर्चा हुई।'' ईईएफ का आयोजन चार से छह सितंबर तक व्लादिवोस्तोक में किया जा रहा है। विदेश सचिव विजय गोखले ने मीडिया को इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच ''गर्मजोशी से बातचीत'' हुई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक को निर्वस्त्र कर पीटा फिर चलती बस से फेंका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में डीटीसी की एक चलती बस के अंदर कुछ यात्रियों ने चोर होने के संदेह पर एक लड़के की पिटाई कर दी और उसे अपने कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम वीडियो की जांच कर रहे हैं और उस स्थान की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं, जहां घटना हुई थी। हम उन बस चालकों और संवाहकों से बात करेंगे जो उस मार्ग पर चलने वाली बसों में काम करते हैं, जिसके बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह घटना संभवतः पिछले गुरुवार को हुई थी। एक यात्री द्वारा रिकॉर्ड की गई वीडियो क्लिप में, लड़के को बस के अंदर बिना कमीज पहने खड़े देखा जा सकता है और लोग उसके साथ बहस कर रहे हैं। नाबालिग को अपनी पैंट उतारने के लिए कहने पर भीड़ से गुहार लगाते हुए देखा गया और बाद में उसे नग्न स्थिति में बस से बाहर फेंक दिया गया।

### पीएम ने दी शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को बधाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत असाधारण शिक्षक, अनुभवी परामर्शदाता डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उल्लेखनीय है कि देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है और उन्हीं के सम्मान में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु में जन्मे डा. राधाकृष्णन देश के द्वितीय राष्ट्रपति थे और उन्हें भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद्, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक के तौर पर जाना जाता है।

### राष्ट्रपति ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने अपने ट्वीट में कहा कि शिक्षक दिवस पर वह डॉ. एस. राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और देश के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक युवाओं को मूल्यों और आदर्शों के साथ ज्ञान प्राप्त करने और सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं। वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### ट्रम्प ने दिए रूहानी से मुलाकात के संकेत

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस महीने होने वाली संयुक्त राष्ट महासभा की बैठक के दौरान ईरानी राष्टपति हसन रूहानी के साथ मुलाकात के संकेत दिए हैं। ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि वह इस मुलाकात की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। महासभा की बैठक के दौरान रूहानी के साथ मुलाकात की संभावना के सवाल पर अमेरिकी राष्टपति ने कहा, कुछ भी संभव है। इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को ईरान की अंतरिक्ष एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। ट्रम्प ने गत वर्ष मई में ईरान परमाणु समझौते से अपने देश के अलग होने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते बहुत ही तल्ख हो गये हैं। इस परमाणु समझौते के प्रावधानों को लागू करने को लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में ईरान ने अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत ईरान ने उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति जतायी थी।

## शताब्दी रॉय ने ईडी को लौटाए 30 लाख रुपए

### » सारदा घोटाला

**कोलकाता (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद और पश्चिम बंगाल की जानी-मानी एक्ट्रेस शताब्दी रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय को 30.64 लाख रुपए लौटा दिए हैं. शताब्दी को ये रकम सारदा कंपनी के ब्रांड एंबेसेडर के तौर पर दिए गए थे. सारदा घोटाले में ईडी की कई दौर की पूछताछ के बाद पश्चिम बंगाल के वीरभूम से टीएमसी सांसद ने बुधवार को ये पैसे लौटाए. कोलकाता में मीडिया के साथ बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए शताब्दी रॉय ने बताया कि उन्होंने यह रकम लौटा दी है.



सारदा घोटाले में कई बार पूछताछ के बाद टीएमसी सांसद ने इसी साल 31 जुलाई को ईडी को यह रकम लौटाने की इच्छा जाहिर की थी. ईडी के सूत्रों ने कहा कि उन्हें 30.64 लाख रुपए का बैंक ड्राफ्ट मिला है. यह ड्राफ्ट बुधवार को एजेंसी के दफ्तर में रिसीव किया गया. इसके बाद जब मीडिया ने तृणमूल सांसद से पैसे के बार में बात की तो उन्होंने कहा, हां मैंने पैसे भेज दिए हैं.

अभिनेत्री से राजनेता बनीं शताब्दी रॉय सारदा चिटफंड कंपनी की ब्रांड एंबेसेडर रही हैं. यह कंपनी साल 2013 में बंद हो गई थी. सारदा चिटफंड कंपनी का घोटाला सामने आने के बाद पहले बंगाल पुलिस की एसआईटी ने इस मामले की जांच का जिम्मा अपने हाथ में लिया था. बाद में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई को इस घोटाले की जांच करने का काम दिया गया. हाल ही में सीबीआई ने सारदा घोटाला और नारद स्टिंग केस की जांच का काम तेज किया है.

## मुंबई में आफत बनी बारिश, 30 उड़ाने रद्द

### » गटर में गिरने से मासूम की मौत

**मुंबइ (आरएनएस)।** मुंबई में बारिश इस समय कहर बरपा रही है। पानी से सड़के पूरी तरह लबालब है। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश होने की आशंका जताई है। बारिश के चलते लोकल ट्रेनों का पूरी तरह से संचालन नहीं हो रहा है। वहीं स्कूल और कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है।

बारिश के कारण कई उड़ाने रद्द कर दी गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों में मुंबई और इसके आस-पास के इलाकों में तेज बारिश का अनुमान जताया है और 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जिसमें अधिकारियों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।



छत्रपति शिवाजी महाराज अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दूसरे दिन 30 उड़ाने रद्द की गई हैं। वहीं 118 उड़ानों ने गुरुवार को देरी से उड़ान भरी। लाइव फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को 14 इनकमिंग और 16 आउटबाउंड उड़ानें रद्द की गईं। वहीं 118 ने देरी से उड़ान भरी। एक संक्षिप्त बयान में, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि परिचालन सामान्य हैं। इंडिगो ने उड़ानें रद्द की हैं।

नालासोपारा के पालघर जिले में एक छह साल के लड़के की कल शाम गटर में गिरने से मौत हो गई है। देर रात उसका शव बरामद कर लिया गया। इसी बीच बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के दो कर्मियों की पश्चिमी उपनगर गोरेगांव में भारी बारिश के दौरान पानी में डूबने से मौत की खबर है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की शाम को सिद्धार्थ नगर में हुई इस घटना में मारे गए कर्मियों की पहचान विजयेन्द्र सरदार बागड़ी (36) और जगदीश परमार (54) के तौर पर हुई है।

## अग्रिम जमानत याचिका खारिज, अब ईडी करेगा गिरफ्तार

### » चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ईडी द्वारा दर्ज आईएनएक्स मीडिया मनी लांड्रिंग मामले में चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका लगा है। पूर्व वित्त मंत्री की ईडी मामले में अग्रिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चिदंबरम को अग्रिम जमानत इसलिए नहीं दी जा सकती क्योंकि इससे जांच प्रभावित हो सकता है। यह अग्रिम जमानत देने के लिए सही केस नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसी ईडी की दलील मान ली है, जिसमें उन्होंने हिरासत में लेकर पूछताछ की बात की है। कोर्ट ने कहा, जांच एजेंसी को मामले की छानबीन करने के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।



ईडी मामले में चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होना किसी बड़े झटके से कम नहीं है। क्योंकि आज चिदंबरम की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही है। ऐसे में प्रवर्तन निदेशालय भी रिमांड में लेने की कोशिश करेगी ताकि वह भी अपने मामले में पूछताछ कर सके। आज सीबीआई वाले मामले में पी चिदंबरम की सुप्रीम कोर्ट और ट्रायल कोर्ट में सुनवाई है। आज सुप्रीम कोर्ट और ट्रायल कोर्ट में तय होगा कि चिदंबरम को जमानत मिलती है या फिर उन्हें तिहाड़ जेल भेजा जाता है या फिर सीबीआई रिमांड की अवधि और बढ़ती है।

इससे पहले निचली अदालत ने चिदंबरम की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय के चिदंबरम के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने और सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर भी आदेश पारित करने की संभावना है। दिल्ली की एक निचली अदालत ने मंगलवार को आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की सीबीआई हिरासत की अवधि दो और दिन के लिए बढ़ा दी थी।

## एलओसी पर 2000 से अधिक सैनिकों की नई ब्रिगेड तैनात

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जब से मोदी सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म किया है तभी से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। कभी व्यापार पर प्रतिबंध तो कभी परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी। भारतीय सेना पाक को हर जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान ने भारत-पाक नियंत्रण रेखा पर एक और ब्रिगेड की तैनाती की है जिसमें 2000 से अधिक सैनिक हैं। सूत्रों ने आशंका जताई है कि पाक इस ब्रिगेड का इस्तेमाल पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को भारतीय क्षेत्र में घुसाने के लिए कर सकता है। पीओके में हो रही बड़ी हलचल से भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं।



भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से एलओसी के पास की गई इस तैनाती पर अपनी नजर बनाए हुए है। भारतीय सेना के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन सैनिकों को बैरकों से निकालकर एलओसी के 30 किलोमीटर के दायरे में तैनात किया गया है। पाक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब उसके आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ने स्थानीय और अफगानों की बड़े पैमाने पर भर्ती करनी शुरू कर दी है।

## अफगानिस्तान में तालिबान और सेना के बीच झड़प, 18 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उरोज़्गन प्रांत में सेना और तालिबान आतंकवादियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। झड़प के दौरान तालिबान आतंकवादियों ने एक कार बम धमाका भी किया।

क्षेत्रीय पुलिस के प्रमुख खिताब खानजरी ने बुधवार को बताया कि तालिबान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर विस्फोट कर दिया। इस झड़प में 17 आतंकवादी भी मारे गए हैं जबकि सात घायल हुए हैं। इससे पहले अफगानिस्तान में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच चल रही शांति वार्ता की नौंवे दौर की बैठक रविवार को समाप्त हो गई।

अफगानिस्तान में सुलह के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि जलमाय खलीलज़ाद के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ है, जिसमें अमेरिका अगले 135 दिनों के भीतर अपने 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा और कई ठिकानों को बंद कर देगा। खलीलज़ाद के अफगानिस्तान सरकार के साथ नए समझौते की जानकारी देने के कुछ घंटों के बाद ही काबुल में एक जोरदार धमाका हुआ जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 119 लोग घायल हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी तालिबान ने ली है।



### हसन रूहानी ने की परमाणु अनुसंधान एवं विकास विस्तार की घोषणा

**तेहरान।** ईरान के राष्टपति हसन रूहानी ने छह सिंतबर (शुक्रवार) से अपने परमाणु अनुसंधान और विकास के विस्तार की घोषणा की। स्थानीय मीडिया के अनुसार रूहानी ने बुधवार रात एक संवाददाता सम्मेलन में परमाणु अनुसंधान और विकास कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि ईरान 2015 के परमाणु समझौते में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्वारा निर्धारित की गयी परमाणु अनुसंधान और विकास गतिविधियों की सीमाएं हटाएगा। जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, ईरान की एनर्जी ऑर्गनाइजेशन ऑफ ईरान (एईओआई) को जो भी तकनीकी जरूरत है, उस पर तुरंत अनुसंधान और विकास शुरू करने के लिए कहा जायेगा और परमाणु समझौते में निर्धारित सभी अनुसंधान एवं विकास प्रतिबद्धताओं को हटा लिया जायेगा।

उन्होंने कहा, हम अंतरराष्टीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की देखरेख में और एक शांतिपूर्ण संरचना के भीतर रहते हुए तकनीकी रूप से जो कुछ भी जरूरत होगी उसे पूरा करेंगे।

## उच्चतम न्यायालय ने महबूबा की बेटी को कश्मीर जाकर मां से मिलने की अनुमति दी

**नइ´ दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पुत्री इल्तिजा को कश्मीर जाकर उनसे मुलाकात करने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने सुमुफ्ती की पुत्री इल्तिजा को कश्मीर जाकर अपनी मां से भेंट करने की इजाजत दी।



गौरतलब है कि पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा हटाए जाने और अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निष्प्रीावन किये जाने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री नजरबंद हैं। सुमुफ्ती की पुत्री ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर अपनी मां से मिलने की इजाजत मांगी थी। उन्होंने शीर्ष न्यायालय से इसके लिए अधिकारियों को अनुमति देने के निर्देश देने का अनुरोध किया था। याचिका में उन्होंने अपनी मां के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। न्यायालय ने इल्तिजा से कहा है कि वह श्रीनगर के अन्य हिस्सों में भी जा सकती हैं, लेकिन आवश्यक पड़ने पर इसके लिए अधिकारियों से पहले अनुमति लेनी पड़ेगी।